ont>

Title : Need to expedite completion of Damodar rail project of Central Coalfields Ltd. and reopen Coal Mines at Pipradih and Karmatia. − Laid.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): अध्यक्ष महोदय, सेन्ट्रल कोलफिल्ड्स लिमिटेड में दामोदर रेल विपथन परियोजना का काम एवं कठारा के पीपराडीह और करमटिया कोयला खदान वाे से बंद है, जिसके कारण सरकार को करोड़ों रूपए का नुकसान हो रहा है।

दामोदर रेल विपथन परियोजना 20 वा पूर्व शुरू किया गया था, परन्तु प्रबंधकों एवं प्रशासकों के अदूरदर्शिता के कारण जनहित का मामला लम्बित है और करोड़ों रूपए के खर्च के बाद भी परियोजना का काम अधूरा है। परियोजना के अन्तर्गत बेरमों प्रखण्ड के जरीडीह बाजार में निर्मित रेल पुल नव-निर्माण में ही क्षतिग्रस्त हो गया है।

परियोजना का प्राक्कलन राशि में कई गुना बढ़ा है और अधूरे कार्य से इस क्षेत्र की जनता की परेशानी भी बढ़ी है। इसके लिए रेलवे और सी.सी.एल. एक दूसरे पर दोष ारोपण करते हैं, परन्तु प्राक्कलन राशि में वृद्धि, पुल क्षतिग्रस्त होना, विस्थापितों को मुआवजा एवं नौकरी नहीं मिलना, जमीन का गलत अधिग्रहण किसकी गलती से हुई, इसके लिए सरकार मौन है, जनता परेशान है।

पीपराडीह और करमटिया का बंद कोयला खदान को चालू कर रोजगार और उत्पादन बढ़ाने का काम कैसे किया जाए, कम्पनी को इसके लिए चिंचता नहीं है।

अतः सरकार से आग्रह है कि इस मामले की जांच कर दोाी अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए उपर्युक्त परियोजना का काम पूरा करने एवं बंद कोयला खदान को पुनः चालू कराने के लिए त्वरित कार्रवाई की जाये।